## बाबा मेहरशाह दरबार में होने वाले कार्यक्रमों के लिए उप समितियों का गठन



**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**

बाबा मेहरशाह दरबार सिंधी कॉलोनी में आज महंत स्वामी पुरषोत्तमदास जी के सानिध्य में सिंधी समाज की विशेष बैठक (मेढो) संपन्न हुआ। बैठक में 17 मई से 2 जून तक चलने वाले कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं को लेकर उप समितियों का गठन किया गया।

बाबा मेहरशाह दरबार के प्रमुख प्रवक्ता राजकुमार बजाज ने बताया कि पुरषोत्तम मास के पावन अवसर पर सनातन भक्ति महोत्सव पर आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत 18 मई को पूज्य दरबार साहिब में शिव मंदिर स्थापना के अवसर पर सायं 6 बजे विशाल आरती होगी। वही पहली बार श्रद्धेय संत श्री लालसांई जी द्वारा सिंधी समाज के इष्टदेव श्री झूलेलाल सांई जी जीवनी गांथा सिंधी भाषा में तीन दिनों में संगीतमय कथा में सुनाई जाएंगी। दि. 22 से 28 मई तक श्रीमद् भागवत कथा का आनंद परम् श्रद्धेय आचार्य गौरव कृष्ण शास्त्री जी के श्रीमुख से श्रद्धालु सर्वण करेंगे। सतगुरु बाबा दयालदास साहिब की वर्सी महोत्सव का आरंभ 27 मई से होगा 29 मई को समापन होगा। संत श्री शेहरा वाले सांई जी द्वारा दिए. 29 मई को पूज्य बहराणा साहिब जी की पूजा एवं पल्लव संपन्न होगा और 30 मई से 1 जून तक संतश्री कृष्ण दास जी द्वारा श्री भक्तमाल कथा होगी वही 2 जून की शाम खाटूश्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया है। सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं के लिए समाज की उपस्थिति में कई समितियों का गठन सर्वसम्मति से किया गया।

**नाले-नालियों की वृहद सफाई से जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु प्रयास जारी**

# जिला अधिकारियों के मैदानी निरीक्षण से सुदृढ़ हो रही नगर की सफाई व्यवस्था

**पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।**

'स्वच्छता एक दिन का अभियान नहीं, रोज की जिम्मेदारी है' - इसी सोच के साथ जिला प्रशासन एवं निगम प्रशासन ने स्वच्छता व्यवस्था को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का अभियान तेज कर दिया है। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर रविवार प्रातः जिला स्तरीय अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों ने शहर के विभिन्न वार्डों एवं सार्वजनिक स्थलों का सघन निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था की हकीकत परखी और व्यवस्था में आवश्यक सुधार के निर्देश स्वास्थ्य महकमे को दिए।

निरीक्षण का उद्देश्य स्वच्छ सर्वेक्षण के मानकों के अनुरूप व्यवस्था को सुदृढ़ एवं स्थाई रूप में लाना है। अधिकारियों ने मौके पर ही कचरा संग्रहण, डोर-टू-डोर व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति एवं कचरा पृथक्करण का जायजा लिया। जहां भी लापरवाही मिली, वहां तत्काल



संबंधित अमले को सुधार के निर्देश दिए गए। निरीक्षण दल ने नागरिकों को समझाइश भी दी कि कचरा सड़क या नाली में न फेंकें, सूखा-गीला कचरा अलग कर कचरा गाड़ी को ही दें। क्योंकि प्रशासन जितनी भी सफाई कर ले, जब तक नागरिक आदत नहीं बदलेंगे, तब तक 'कचरा मुक्त शहर' का सपना अधूरा रहेगा। **नाले नालियों की अभियान स्वरूप सफाई:**निगम प्रशासन द्वारा मानसून पूर्व तैयारियों के तहत वृहद स्तर पर नगर के विभिन्न स्थलों के नाले-नालियों की सफाई का विशेष अभियान चलाया गया। जलभराव की संभावना के चलते मशीनों एवं स्वच्छता दूतों की विशेष टीम के माध्यम से वार्ड क्रमांक 11 नई बस्ती क्षेत्र शिव नगर, पार्षद निवास के पास, मोहन घाट नाला, राष्ट्रीय स्कूल के पीछे का नाला, बारडोली कॉलेज के पास का नाला वार्ड क्रमांक 27 बरगवां मुख्य मार्ग श्री हॉस्पिटल के पास एवं यूनियन बैंक के पास, सुभाष चौक एवं गोल बाजार की विभिन्न नालियां, माधव नगर चावला चौक सहित वार्ड क्रमांक 20, 21, 38, एवं 45 के विभिन्न स्थलों के नाले नालियों से सिल्ट एवं कचरा निकालकर जल निकासी को सुगम बनाया गया, ताकि बरसात में नागरिकों को जलप्लावन की समस्या से मुक्ति मिल सके।

## श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**




खुरई रोड स्थित कथा स्थल पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान महोत्सव के द्वितीय दिवस श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। हजारों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी थी और पूरा वातावरण भक्ति रस में डूबा नजर आया। अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता सुश्री जया किशोरी ने अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'भगवान को पाने के लिए बड़े आडंबर या कठिन तपस्या की आवश्यकता नहीं होती, सच्चे मन से किया गया स्मरण ही ईश्वर तक पहुंचने का सबसे सरल मार्ग है। 'जया किशोरी जी ने श्रद्धालुओं से अपने जीवन में संस्कार, सेवा और सत्संग को अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि 'जिस घर में भगवान का नाम, माता-पिता का सम्मान और अच्छे संस्कार होते हैं, वहां सदैव सुख और शांति बनी रहती है।' कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं भक्तों के प्रति उनकी करुणा का भावपूर्ण वर्णन किया गया। भजनों की प्रस्तुति के दौरान पूरा कथा स्थल 'राधे-राधे' और 'जय श्रीकृष्ण' के जयघोषों से गूंज उठा।

**सागर पुलिस की मानवीय संवेदना**

# 81 वर्षीय बुजुर्ग माताजी का खोया बैग ढूँढ निकाला, खुशी से छलक उठीं बुजुर्ग की आँखें

**दो बार भावुक हुई माताजी: पहले बैग खोने के गम में, फिर सागर पुलिस की तत्परता देख खुशी के आँसुओं में**

**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उइके एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा के निर्देशन में सागर पुलिस ने संवेदन शीलता का परिचय देते हुए एक बुजुर्ग महिला का गुम हुआ बैग बरामद कर उन्हें सकुशल लौटाया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से न केवल बुजुर्ग महिला का कीमती सामान वापस मिला, बल्कि खाकी के प्रति जन-विश्वास भी सुदृढ़ हुआ है।

**ऑटो में छूट गया था यादों और दवाइयों का झोला:**जानकारी के अनुसार, रहली निवासी 81 वर्षीय बुजुर्ग माताजी सागर में एक विवाह समारोह में शामिल होने आई थीं। वापसी के दौरान विजय टॉकीज से बस स्टैंड जाते समय उनका बैग ऑटो में ही



छूट गया। बैग में 8100 नकद, महत्वपूर्ण दवाइयां, मेडिकल पर्चे और कपड़े थे। बुजुर्ग महिला के लिए यह सामान और दवाइयां अत्यंत अनिवार्य थीं,जिसके खोने से वे गहरे सदमे और परेशानी में थीं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों के निर्देशन में चला 'सर्च ऑपरेशन, मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उइके एवं लोकेश कुमार सिन्हा ने तत्काल कंट्रोल रूम टीम को सक्रिय किया। एएसपी लोकेश कुमार सिन्हा के सीधे मार्गदर्शन में कंट्रोल रूम प्रभारी उप निरीक्षक आर.के.एस. चौहान को बैग तलाशने की कमान सौंपी गई। महिला प्रधान आरक्षक रेखा रजक को सीसीटीवी कैमरों के विश्लेषण का जिम्मा दिया गया। पुलिस टीम ने शहर के विभिन्न चौराहों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। लगातार दो दिनों की कड़ी मशक्कत के बाद उस विशेष ऑटो की पहचान की गई। फुटेज के आधार पर ऑटो नंबर ट्रेस कर चालक का पता लगाया गया और उसे कंट्रोल रूम बुलाया गया।

तलाशी के दौरान बैग ऑटो की पिछली सीट के पीछे सुरक्षित पाया गया। जब कंट्रोल रूम में माताजी को उनका बैग सौंपा गया, तो वे अपने आंसू नहीं रोक पाई। उन्होंने भावुक होकर कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि इतनी जल्दी उनका सामान मिल जाएगा। माताजी और उनके परिजनों ने सागर पुलिस की कार्यप्रणाली और डायल-112 की मदद के लिए पूरी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया।

**8 माह की बच्ची को उसके पिता का साथ मिला**

## लोक अदालत में 363 मामलों का निराकरण हुआ है जिसमें 600 व्यक्तियों को लाभ मिला

**राजेश बबेले**

**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**



तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष द्वितीय जिला सत्र न्यायाधीश संजय जैन द्वारा दीप प्रज्वलित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया है जिसमें जिला सत्र न्यायाधीश देवेंद्र कुंडू न्यायाधीश गण शरद जोशी मैडम मीनाक्षी शर्मा जोशी एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रविंद्र जैन सचिव राहुल माथुर सह सचिव सूरज सिंह सुलहकर्ता मानसिंह सैनी, रामराज सिंह,आरती राय,भूपेंद्र राय ,के के ताम्रकार ,वीरेंद्र प्रजापति, मनीष दीक्षित,महेंद्र सिंह रघुवंशी अरुण श्रीमाली नीलेश जैन,दीपेंद्र श्रीवास्तव अशोक जैन, पी एस ठाकुर देवराज सिंह आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

**8 माह की बच्ची को उसके पिता का साथ मिला:** एक दंपत्ती को मिलाकर उनके दांपत्य जीवन की शुरुआत कराई जिसमें 8 माह की बच्ची को उसके पिता का साथ मिला बीना में गणेश वार्ड निवासी राजपंथी द्वारा न्यायालय में अपनी पत्नी जो कि लगभग 6 माह से मायके में थी उसको बुलाने के लिए प्रकरण लगाया था जिस पर न्यायालय द्वारा आपसी सुलह एवं समझाने का परिणाम यह रहा की प्रकरण को प्रशिक्षित मध्यस्थ वीरेंद्र प्रजापति ने अपना योगदान देते हुए दोनों दंपत्ति को समझाइए तथा न्यायालय को सहयोग प्रदान करते हुए पति-पत्नी पुनः दांपत्य जीवन की स्थापना कर अपने आगे 8 माह की बच्ची को माता-पिता दोनों का लाड प्यार मिलेगा इस हेतु दंपति एवं उनके परिजन बहुत ही भावुक रहे।लोक अदालत में 363 मामलों का निराकरण हुआ है जिसमें600 व्यक्तियों को लाभ मिला ।

**नीति आयोग की रिपोर्ट ने मध्यप्रदेश सरकार की पोल खोली**

# अंधेरे स्कूलों से प्रदेश का भविष्य गढ़ना चाहती है सरकार: पूर्व नेता अजय सिंह



**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने कहा है कि नीति आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट मध्य प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली का जीता-जागता प्रमाण है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री मोहन यादव के 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' के दावों की असलियत उजागर करती है।सिंह ने कहा कि यह बेहद शर्म की बात है।

21वीं सदी में जब हम डिजिटल इंडिया की बात कर रहे हैं, तब मध्य प्रदेश में साढ़े 13 हजार स्कूल बिजली न होने से अंधेरे में डूबे हैं। क्या सरकार इन्हीं अंधेरे कमरों से प्रदेश का भविष्य गढ़ना चाहती है। अजय सिंह ने शौचालय की कमी पर रोष जताते हुए कहा कि लगभग दो हजार स्कूलों में छात्राओं के लिए शौचालय न होना सरकार के 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के नारे पर करारा तमाचा है और भाजपा के 'नारी वंदन' का मजाक है। यह सोचने की बात है कि बुनियादी सुविधाओं के अभाव में बेटियां स्कूल कैसे जाएंगी। उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि स्कूलों में 52 हजार से अधिक पद खाली पड़े है।

इनमें से प्रायमरी स्कूलों में ही 45 हजार से अधिक शिक्षकों के पद खाली हैं। इसके अलावा प्रदेश में सात हजार से अधिक स्कूल केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बजट का भारी भरकम पैसा आखिर कहाँ जा रहा है।जब शिक्षक ही नहीं होंगे, तो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कल्पना कैसे की जा सकती है। अजय सिंह ने कहा कि स्कूलों की बदहाली के कारण 3 लाख 37 हजार बच्चों का प्राथमिक शिक्षा बीच में ही छोड़ देना प्रदेश के लिए एक बड़ी त्रासदी है। माध्यमिक स्तर पर लगभग 17 प्रतिशत ड्रॉपआउट रेट यह बताता है कि सरकार युवाओं में शिक्षा के प्रति ललक पैदा करने में पूरी तरह विफल है। अजय सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि देश में जहाँ छोटे छोटे राज्य और केंद्र शासित प्रदेश 99 प्रतिशत कंप्यूटर की शिक्षा दे रहे हैं, वहीं मध्य प्रदेश के 40 प्रतिशत स्कूलों में कंप्यूटर ही नहीं हैं। यह स्थिति प्रदेश को आधुनिक दौर से पीछे धकेलने की साजिश है। संदीपनी स्कूलों के प्रचार प्रसार में आत्ममुग्ध सरकार को नीति आयोग की रिपोर्ट ने आईना दिखाया है।अजय सिंह ने मांग की है कि मुख्यमंत्री इस रिपोर्ट को गंभीरता से लें और इस पर प्रदेश की जनता को जवाब दें। वे इवेंट मैनेजमेंट जैसे ढकोसले छोड़कर शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुधारने और शिक्षकों की भर्ती के लिए तत्काल ठोस कदम उठाएं।

## संध्या सिंह ने एमबीबीएस प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर किया नाम रोशन



**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**

इटमा नदी तीर अमरपाटन रोड सतना निवासी संध्या सिंह ने आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज उज्जैन से एमबीबीएस की फायनल परीक्षा में 69 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। डॉ.अवधराज सिंह व श्रीमती सुनीता की सुपुत्री संध्या सिंह ने इस शानदार सफलता का श्रेय अपने माता-पिता,गुरूजनों व परिवारजनों को देते हुए उनके प्रति धन्यवाद व आभार व्यक्त किया है। संध्या सिंह ने चिकित्सा सेवा को अपनी प्राथमिकता देते हुए बताया कि बतौर एक चिकित्सक वे मरीजों की देखभाल करेंगी साथ ही इसे व्यवसायिक रूप न देते हुए एक सेवा भाव के साथ मरीजों को प्राथमिकता देंगी। चूंकि इनके पिता डॉ.अवधराज सिंह भी पेशे से चिकित्सक है उनके कार्यो में सहयोग करेंगी। इनकी सफलता पर महेन्द्र सिंह,डा.राजेन्द्र सिंह, पुष्पराज सिंह, डा.विवेक , शिव भानु सिंह , रबी सिंह, विवेक अग्रवाल, उपेंद्र मिश्रा, अजीत नमदेव ,सहित परिवारजन एवं शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की है।

# नेशनल लोक अदालत की छूट का नागरिकों ने उठाया भरपूर लाभ, जमा की बकाया करों की राशि

**91 लाख रूपये से अधिक का राजस्व निगम कोष में जमा**

**पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।**



नगर निगम कटनी द्वारा शनिवार को नगर के विभिन्न पांच स्थलों में आयोजित नेशनल लोक अदालत में करदाताओं ने उत्साहपूर्ण तरीके से सहभागिता करते हुए बकाया करों के रूप में 91.49 लाख रूपये जमा कर प्रदत्त छूट का भरपूर लाभ प्राप्त किया।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर निगम प्रशासन द्वारा लोक अदालत की समस्त आवश्यक तैयारियां पहले से ही पूर्ण की जाकर प्रातः 10 बजे से शिविर स्थल पर पहुंचने वाले करदाताओं को छूट का लाभ प्रदान किया गया, जो देर शाम तक अनवरत रूप से जारी रहा। राजस्व अधिकारी श्री पाठक ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में नगरपालिक निगम कटनी को जलकर एवं संपत्ति कर की कुल 901 रसीदों से 91 लाख 49 हजार 363 रूपये बकाया कर के रूप में जमा हुए । इसमें सम्पत्ति कर की 500 रसीद से 64 लाख 37 हजार 35 रुपए और जलकर की 401 रसीद से 27 लाख 12 हजार 328 रूपये निगम कोष में जमा किए गए। आयोजित शिविर के दौरान नागरिकों की सुविधाओं का पूर्ण ध्यान रखा जाकर उनकी कर संबंधी समस्या एवं शंकाओं का प्राथमिकता से निराकरण किया गया।

**वार्ड क्रमांक 13 में जल्द बनेगा अंबेडकर मांगलिक भवन**

## पूर्व मंत्री एवं विधायक सिंह ने विधायक विकास निधि से 10 लाख रुपये की स्वीकृति हेतु कलेक्टर को लिखा पत्र

**पीपुल्स प्रवक्ता टीकमगढ़।**



नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ के वार्ड क्रमांक 13 स्थित पुराने गाड़ी खाना क्षेत्र में जल्द ही अंबेडकर मांगलिक भवन (सामुदायिक भवन) का निर्माण कराया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री यादवेन्द्र सिंह ने विधायक विकास निधि सत्र 2026-27 से 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत किए जाने हेतु कलेक्टर टीकमगढ़ को पत्र भेजा है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि जनसंपर्क के दौरान वार्डवासियों ने सार्वजनिक कार्यक्रमों एवं सामाजिक आयोजनों के लिए सामुदायिक भवन निर्माण की मांग रखी थी। मांग को देखते हुए विधायक ने निर्माण कार्य को प्राथमिकता देते हुए स्वीकृति की अनुशंसा की है। इस दौरान सुनील अहिरवार समाज अध्यक्ष, पंकज अहिरवार, अशोक अहिरवार, लक्ष्मण अहिरवार ठेकेदार, चक्की अहिरवार, बालचंद अहिरवार, अनूप अहिरवार सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने विधायक के इस प्रयास का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रस्तावित निर्माण कार्य नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ अंतर्गत कराया जाएगा, जबकि निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग को बनाया गया है।

# 'हेलमेट केवल नियम नहीं, जीवन रक्षा का संकल्प': एसपी मनोहर सिंह मंडलोई

**पीपुल्स प्रवक्ता टीकमगढ़।**

माननीय सुप्रीम कोर्ट,भारत सरकार,म.प्र.शासन एवं पुलिस मुख्यालय की मंशानुरूप सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं नागरिकों में जिम्मेदार यातायात व्यवहार विकसित करने के उद्देश्य से टीकमगढ़ पुलिस द्वारा दिनांक 26 अप्रैल से 10 मई 2026 तक जिलेभर में व्यापक हेलमेट जागरूकता अभियान संचालित किया गया। यह अभियान केवल यातायात नियमों के पालन तक सीमित न रहकर, प्रत्येक नागरिक के जीवन की सुरक्षा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण सामाजिक दायित्व बनकर सामने आया।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी स्तर पर पुलिस टीमों द्वारा लगातार जनसंवाद स्थापित कर




दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट के अनिवार्य उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान आमजन को यह संदेश दिया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में सिर पर लगने वाली चोटें सबसे अधिक घातक होती हैं और हेलमेट ही जीवन रक्षा का सबसे प्रभावी सुरक्षा कवच है। अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला मुख्यालय एवं थाना बड़गांव क्षेत्र में 50 हेलमेट वितरित किए गए तथा हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले 35 वाहन चालकों को प्रोत्साहन स्वरूप वाटर बॉटल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में माननीय प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर जी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना देहात क्षेत्र में 20 हेलमेट वितरित किए गए तथा हेलमेट धारण कर वाहन चलाने वाले 15 वाहन चालकों को प्रोत्साहन स्वरूप वाटर बॉटल प्रदान की गई। इस प्रकार अभियान के दौरान कुल 70 हेलमेट वितरित कर वाहन चालकों को सुरक्षित यातायात के प्रति प्रेरित किया गया तथा भविष्य में नियमित रूप से हेलमेट पहनकर वाहन चलाने हेतु आवश्यक समझाइश दी गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा मुख्य सड़कों, बॉर्डर रोड एवं प्रमुख चौराहों पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। हेलमेट न पहनने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए जिलेभर में कुल 514 चालान किए गए एवं 1,54,200 समन शुल्क वसूला गया। इनमें थाना यातायात द्वारा 126 चालान कर 37,800 समन शुल्क वसूला गया। साथ ही सभी वाहन चालकों को भविष्य में हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की शपथ दिलाई गई। जिले के स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थलों, खेल मैदानों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल, शिविर एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं आमजन को हेलमेट की उपयोगिता एवं इसके अभाव में होने वाले गंभीर परिणामों से अवगत कराया गया।

## प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की तहसील स्तरीय बैठक में जानी कर्मचरियों की समस्याएं

**पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।**

मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सचिव एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री अक्षय कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रशासनिक सुधार एवं सुदृढीकरण के लिए तहसील स्तरीय बैठक का आयोजन नवीन संयुक्त तहसील कटनी के सभाकक्ष में किया गया। सचिव श्री सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह बैठक पूर्णतः औपचारिक हैं, मैं यहां आपसे कोई समीक्षा नहीं कर रहा, बल्कि आपकी बेहतर कार्यक्षमता, प्रशासनिक सुधार आदि के संबंध में आपसे चर्चा करने आया हूँ। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री सिंह ने उपस्थित सभी विभागों के प्रतिनिधियों से वन टू वन चर्चा की एवं अधिकारियों-कर्मचारियों से उनके कार्य दायित्वों के निर्वहन में आने वाली समस्याओं एवं सकारात्मक सुझावों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को वर्क लाइफ मैनेजमेंट एवं स्ट्रेस रिलीफ वर्क कल्चर की समझाइश देते हुये पदीय दायित्वों का पूर्ण ईमानदारी से निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया।